**07/08**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

इस सप्ताह के चौथे दिन भी बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण और अन्य मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही आज भी बाधित रही। विपक्ष के हंगामे के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। शोरगुल के बीच सदन ने मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2025 और मणिपुर विनियोग (संख्या 2) विधेयक 2025 पारित कर दिया।

0000000000000000000000

सरकार ने सभी नागरिकों को एक राष्ट्रव्यापी ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता में भाग लेने और राष्ट्रीय ध्वज के बारे में अपने ज्ञान का परीक्षण करने के लिए आमंत्रित किया है। युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय ने आज एक बयान में कहा कि यह क्विज़ मेरा युवा भारत पहल के तहत आयोजित किया जा रहा है और नागरिक माई भारत पोर्टल पर इस क्विज़ में भाग ले सकते हैं। मंत्रालय ने कहा कि शीर्ष स्कोर करने वाले पच्चीस प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा और उन्हें केंद्रीय युवा कार्य एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया के साथ सियाचिन जाने का अवसर मिलेगा।

0000000000000000000000

चुनाव आयोग ने आज उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अधिसूचना जारी कर दी है। उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन इस महीने की 21 तारीख तक दाखिल किए जा सकते हैं और

चुनाव 9 सितंबर को होगा। पिछले महीने जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद यह चुनाव आवश्यक है। यह 17वाँ उपराष्ट्रपति चुनाव होगा।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने भारत छोड़ो आंदोलन के स्मरणोत्सव के पूर्व संध्या पर राज्य वासियों को शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की अदम्य भावना और अटूट साहस सभी को अन्याय और असमानता के विरुद्ध खड़े होने के लिए प्रेरित करता रहेगा। अपने संदेश में, राज्यपाल ने कहा कि 8 अगस्त, 1942 को महात्मा गांधी द्वारा शुरू किया गया भारत छोड़ो आंदोलन भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक निर्णायक क्षण था। राज्यपाल ने कहा कि यह आंदोलन साहस, एकता और स्वतंत्र होने के लिए दृढ़ संकल्पित राष्ट्र की अटूट इच्छाशक्ति का प्रतीक है। इस बीच, राज्यपाल ने सभी से हमारे देश को गरीबी, अज्ञानता, असमानता और भ्रष्टाचार की बेड़ियों से मुक्त करने का आग्रह किया है।

0000000000000000000000

नामसाई विधायक चाउ ज़िंगनु नामचूम ने नामसाई ज़िले के अंतर्गत प्योंग में नव स्थापित सरकारी मॉडल डिग्री कॉलेज में दाखिला लेने वाले पहले 50 छात्रों के लिए निःशुल्क प्रवेश की घोषणा की है। कॉलेज द्वारा कल जारी एक आधिकारिक सर्कुलर के अनुसार, शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए प्रवेश प्रक्रिया अगामी 13 से 20 अगस्त तक

पूरी तरह से ऑफ़लाइन मोड में शुरू होगी। इच्छुक छात्रों को प्रवेश संबंधी सहायता के लिए नामसाई उपायुक्त कार्यालय आने की सलाह दी गई है।

0000000000000000000000

दिबांग वैली जिले के मायोदिया पास में प्रिमरोज़ की एक नई प्रजाति, प्रिमुला इंडिका की खोज की गई है। शोध दल का नेतृत्व भोलानाथ कॉलेज, धुबरी के बिपांकर हाजोंग और CSIR नोर्थ ईस्ट इंस्टिट्युट ऑफ़ साइंस एन्ड टेक्नॉलोगी, जोरहाट के पंकज भोराली ने किया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने दोनों की उनके समर्पित क्षेत्रीय कार्य और भारत के वनस्पति अनुसंधान में योगदान के लिए सराहना की है।

0000000000000000000000

कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने जून माह को केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में शिमला में आयोजित अपनी एक सौ छियानबेवीं ईएसआई निगम बैठक के दौरान नियोक्ताओं और कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने की योजना SPREE 2025 को मंज़ूरी दे दी है। SPREE 2025, ईएसआई अधिनियम के तहत सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार करने के उद्देश्य से एक विशेष पहल है। 1 जुलाई से 31 दिसंबर 2025 तक लागू यह योजना, अपंजीकृत नियोक्ताओं और कर्मचारियों, जिनमें कंट्रेक्चुअल और टेम्प्ररी कर्मचारी भी शामिल है, उन्हें भी नामांकन का अवसर प्रदान करती है।

00000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 9 जिलों ईस्ट कामेंग, कुरुंग कुमे, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, वेस्ट सियांग, लोअर सियांग, नामसाई, तिराप और लोंगदिंग के लिए ऑरेंज अलर्ट साथ ही शी योमी और अपर सियांग को छोड़ कर अन्य सभी जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलो में अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज़ बारिश होने की संभवना है।

00000000000000000000000

राजीव गांधी विश्वविद्यालय छात्र संघ ने गत 27 से 30 जुलाई तक वेस्ट सियांग जिले के योम्चा में अपना पहला शैक्षिक भ्रमण-सह-जागरूकता एवं परामर्श कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया। RGUSU टीम ने योम्चा स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों और कर्मचारियों के साथ मिलकर सोशियल सर्विस एवं स्वच्छता अभियान चलाया, जिसका उद्देश्य स्वच्छता प्रथाओं को प्रोत्साहित करना और विद्यालय के आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखना था। इसके अतिरिक्त, टीम ने विद्यालय को कूड़ेदान, बाल्टियाँ सहित विश्व एवं अरुणाचल प्रदेश के मेप सहित आवश्यक सामग्री भी प्रदान की।

00000000000000000000000